**SET-4**

**Series WXY4Z**

प्रश्न-पत्र कोड
Q.P. Code **98**

रोल नं.
Roll No. | | | | | | | | |

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **27** हैं।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **34** प्रश्न हैं।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में यथा स्थान पर प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा। 10.15 बजे से 10.30 बजे तक परीक्षार्थी केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।
- Please check that this question paper contains **27** printed pages.
- Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **34** questions.
- **Please write down the Serial Number of the question in the answer-book at the given place before attempting it.**
- 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the candidates will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

# उद्यमिता (सैद्धान्तिक)

# ENTREPRENEURSHIP (Theory)

*निर्धारित समय : **3** घण्टे* | *अधिकतम अंक : **70***

*Time allowed : **3** hours* | *Maximum Marks : **70***

***सामान्य निर्देश :***

*निम्नलिखित निर्देशों को ध्यान से पढ़िए और उनका पालन कीजिए ।*

*(i)* *इस प्रश्न पत्र में **34** प्रश्न हैं । **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं ।*

*(ii)* *यह प्रश्न-पत्र **चार** खण्डों में विभाजित किया गया है – **खण्ड क, ख, ग** तथा **घ** ।*

*(iii)* ***खण्ड क :** प्रश्न संख्या **1** से **18** तक बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **1** अंक का है ।*

*(iv)* ***खण्ड ख :** प्रश्न संख्या **19** से **24** तक लघु-उत्तरीय प्रकार-I के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **2** अंकों का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **30** से **40** शब्दों में लिखिए ।*

*(v)* ***खण्ड ग :** प्रश्न संख्या **25** से **29** तक लघु-उत्तरीय प्रकार-II के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **3** अंकों का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **50** से **70** शब्दों में लिखिए ।*

*(vi)* ***खण्ड घ :** प्रश्न संख्या **30** से **34** तक दीर्घ-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **5** अंकों का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **120** से **150** शब्दों में लिखिए ।*

*(vii)* *प्रश्न-पत्र में समग्र विकल्प नहीं दिया गया है । यद्यपि, **खण्ड ख, ग** तथा **घ** में आंतरिक विकल्प का प्रावधान दिया गया है । परीक्षार्थी को इन प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखना है ।*

## खण्ड क

**1.** 'साझेदारी फर्म का व्यवसाय सभी साझेदारों द्वारा अथवा सभी की ओर से किसी एक साझेदार द्वारा चलाया जा सकता है ।' यह कथन निम्नलिखित में से साझेदारी की कौन-सी विशेषता की ओर संकेत करता है ? *1*

(A) समझौता
(B) निहित अधिकार
(C) पारस्परिक एजेंसी
(D) अत्यधिक सद्भाव

**2.** शिवम बालों को सीधा करने वाली फ्लैट आयरन बना रहा है और पूरे शहर में विभिन्न ब्यूटी सैलून में उनकी आपूर्ति करता है । पिछले कुछ महीनों में उसने देखा कि फ्लैट आयरन की बिक्री अत्यधिक कम हो गई थी । उसने कारण जानने का प्रयास किया । उसने पाया कि बाल विशेषज्ञों ने सिरेमिक आयरन की सिफारिश करना आरंभ कर दिया है जो अब प्रतियोगियों द्वारा बाज़ार में बेची जा रही हैं । अतः, उसने भी कर्लिंग, क्रिम्पिंग, आदि जैसी विशेषताओं को जोड़कर नई तकनीक के आधार पर सिरेमिक आयरन बनाना आरंभ कर दिया है ।

शिवम द्वारा उपयोग में लाए गए विचार क्षेत्र के स्रोत को पहचानिए : *1*

(A) व्यापार सम्बन्धित विचार
(B) विद्यमान उत्पाद अथवा सेवा-आधारित विचार
(C) सेवा क्षेत्र विचार
(D) बाज़ार चालित अथवा माँग चालित विचार

***General Instructions :***

*Read the following instructions carefully and follow them :*

*(i)* *This question paper contains **34** questions. **All** questions are **compulsory**.*

*(ii)* *This question paper is divided into **four** sections – **Section A, B, C** and **D**.*

*(iii)* ***Section A** : Questions number **1** to **18** are Multiple Choice Type Questions. Each question carries **1** mark.*

*(iv)* ***Section B** : Questions number **19** to **24** are Short Answer type-I questions. Each question carries **2** marks. Write answer to each question in **30** to **40** words.*

*(v)* ***Section C** : Questions number **25** to **29** are Short Answer type-II questions. Each question carries **3** marks. Write answer to each question in **50** to **70** words.*

*(vi)* ***Section D** : Questions number **30** to **34** are Long Answer type questions. Each question carries **5** marks. Write answer to each question in **120** to **150** words.*

*(vii)* *There is no overall choice. However, an internal choice has been provided in **Section B**, **C** and **D** of question paper. A candidate has to attempt only one of the alternatives in such questions.*

## SECTION A

**1.** 'The business of partnership firm can be carried on by all the partners or any one of them acting for all.' This statement indicates which of the following characteristic of partnership ? *1*

(A) Agreement
(B) Implied authority
(C) Mutual agency
(D) Utmost good faith

**2.** Shivam is manufacturing hair straightening flat irons and supplying them to various beauty salons across the city. Over the last few months he observed that the sale of flat irons has decreased drastically. He tried to find out the reason. He found that the hair experts have started recommending ceramic irons which are now being sold by competitors in the market. So, he also started manufacturing ceramic irons based on new technology with added features like curling, crimping, etc.

Identify the source of idea field used by Shivam : *1*

(A) Trading Related ideas
(B) Existing Products or Services-Based ideas
(C) Service Sector ideas
(D) Market Driven or Demand Driven ideas

**3.** मूल्य-निर्धारण की इस विधि में, वस्तुओं का विक्रय उच्च मूल्यों पर किया जाता है ताकि सम-विच्छेद के लिए कम-से-कम विक्रय की आवश्यकता हो। यह कम्पनी को खोज एवं विकास लागतों की वसूली में भी सहायता करती है जो एक नए उत्पाद को विकसित करने से सम्बन्धित है।

मूल्य-निर्धारण की यह विधि है : *1*

(A) भेदन मूल्य-निर्धारण  (B) लागत-जमा मूल्य-निर्धारण

(C) परिवर्ती मूल्य-निर्धारण  (D) मलाईदार मूल्य-निर्धारण

**4.** दिए गए चित्र को देखकर बताइए कि निम्नलिखित में से यह किसका प्रतिनिधित्व करता है : *1*

**भारतीय स्टेट बैंक**

(A) लोगो  (B) ब्राण्ड

(C) ब्राण्ड नाम  (D) टैगलाइन

***नोट :*** *निम्नलिखित प्रश्न केवल* ***दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों*** *के लिए प्रश्न संख्या* ***4*** *के स्थान पर है।*

निम्नलिखित में से कौन-सी प्रवर्तन की विधि 'रेखा-से-नीचे' में सम्मिलित ***नहीं*** है ? *1*

(A) व्यक्तिगत विक्रय  (B) प्रत्यक्ष विपणन

(C) विक्रय संवर्धन  (D) विज्ञापन

**5.** सुदर्शन ने भारत सरकार द्वारा आरम्भ किए गए 'कौशल विकास मिशन' के अन्तर्गत एक कौशल विकास संस्थान से इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं के रखरखाव का प्रशिक्षण प्राप्त किया। वह अपने पिताजी द्वारा पूँजी के रूप में दिए गए ₹ 1,00,000 से अपने क्षेत्र में अपना एक छोटा व्यवसाय शुरू करना चाहता है। यदि आवश्यक हो, तो कुछ अधीनस्थों को नियुक्त करके इस व्यवसाय का प्रबन्धन एवं नियंत्रण वह स्वयं करना चाहता है। निम्नलिखित में से व्यावसायिक संगठन के उस प्रकार का सुझाव दीजिए जिसे वह अपना सकता है। *1*

(A) सार्वजनिक लिमिटेड कम्पनी  (B) निजी लिमिटेड कम्पनी

(C) साझेदारी  (D) एकल स्वामित्व (व्यापार)

**3.** In this method of pricing, goods are sold at higher prices so that fewer sales are needed to break even. It also helps the company in recovering the research and development costs which are associated with the development of a new product.

This method of pricing is : *1*

(A) Penetrating pricing (B) Cost-plus pricing

(C) Variable pricing (D) Creaming pricing

**4.** Look at the given picture and state what it represents out of the following : *1*

**State Bank of India**

(A) Logo (B) Brand

(C) Brand name (D) Tagline

***Note :*** *The following question is in lieu of Question No.* ***4*** *for* ***Visually Impaired Candidates*** *only.*

Which of the following is ***not*** included in 'below-the-line' method of promotion ? *1*

(A) Personal selling (B) Direct marketing

(C) Sales promotion (D) Advertising

**5.** Sudershan has undergone skill development training for maintenance of electronic items, from an institute started under the 'Skill Development Mission' by the Government of India. He wants to start his own small business in his locality with ₹ 1,00,000 given by his father as capital. He himself wants to manage and control this business, employing some assistants, if required. Out of the following, suggest the form of business organisation he can adopt. *1*

(A) Public Limited Company (B) Private Limited Company

(C) Partnership (D) Sole Proprietorship

**6.** एक व्यावसायिक सुअवसर का वर्णन एक आर्थिक विचार के रूप में किया जा सकता है जिसका कार्यान्वयन _____________ के सृजन तथा लाभ अर्जन के लिए किया जा सकता है। *1*

(A) ग्राहकों

(B) प्रतियोगियों

(C) व्यावसायिक उद्यम

(D) आर्थिक पर्यावरण

**7.** कॉलम I में दिए गए व्यवसाय योजना के घटकों का कॉलम II में दिए गए उनके अर्थ से मिलान कीजिए। नीचे दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प का चयन कीजिए : *1*

| *कॉलम I (व्यवसाय योजना)* | | *कॉलम II (अर्थ)* |
|---|---|---|
| (1) उत्पादन योजना | (i) | व्यवसाय योजना का वह भाग जो प्रस्तावित उपक्रम के स्वामित्व के प्रकार का वर्णन करता है। |
| (2) प्रचालन योजना | (ii) | व्यवसाय योजना का वह भाग जहाँ ऊर्जा, पूँजी, मानवशक्ति तथा मशीनरी की सहायता से कच्चे माल को तैयार उत्पाद में परिवर्तित किया जाता है। |
| (3) संगठनात्मक योजना | (iii) | व्यवसाय योजना का वह भाग जो सामग्री के प्रवाह, मशीनों के प्रदर्शन तथा श्रम के प्रचालन को एक निश्चित दिशा में संगठित करता है। |
| (4) विपणन योजना | (iv) | व्यवसाय योजना का वह भाग जो एक नए उद्यम में अपनाए जाने वाले विपणन उद्देश्यों, व्यूहरचनाओं तथा गतिविधियों सम्बन्धी दिशा-निर्देश प्रदान करता है। |

**विकल्प :**

(A) (1)-(iv), (2)-(i), (3)-(iii), (4)-(ii)

(B) (1)-(ii), (2)-(iii), (3)-(i), (4)-(iv)

(C) (1)-(i), (2)-(iv), (3)-(ii), (4)-(iii)

(D) (1)-(iii), (2)-(ii), (3)-(iv), (4)-(i)

**6.** A business opportunity can be described as an economic idea which can be implemented to create ____________ and earn profits. *1*

(A) customers

(B) competitors

(C) a business enterprise

(D) an economic environment

**7.** Match the given components of a Business Plan in Column I and their meaning in Column II. Choose the correct option from the options given below : *1*

| | *Column I (Business Plan)* | | *Column II (Meaning)* |
|---|---|---|---|
| (1) | Production Plan | (i) | That part of the business plan that describes the proposed venture's form of ownership. |
| (2) | Operational Plan | (ii) | That part of the business plan where transformation of raw material into finished product takes place with the help of energy, capital, manpower and machinery. |
| (3) | Organizational Plan | (iii) | That part of the business plan which organises for the movement of material, performance of machines and operations of labour into a defined direction. |
| (4) | Marketing Plan | (iv) | That part of the business plan which provides guidelines regarding the marketing objectives, strategies and activities to be followed by the new enterprise. |

**Options :**

(A) (1)-(iv), (2)-(i), (3)-(iii), (4)-(ii)

(B) (1)-(ii), (2)-(iii), (3)-(i), (4)-(iv)

(C) (1)-(i), (2)-(iv), (3)-(ii), (4)-(iii)

(D) (1)-(iii), (2)-(ii), (3)-(iv), (4)-(i)

**8.** 'पायल लिमिटेड' उच्च कोटि के अधिक मूल्य वाले जल शोधन यंत्रों के निर्माता हैं। उनके जल शोधन यंत्र अद्वितीय हैं तथा बाज़ार में उपलब्ध शोधन यंत्रों से भिन्न हैं। इसके विपणन के लिए उन्होंने विक्रयकर्ताओं की नियुक्ति की है जो घर-घर जाकर उनके उत्पाद की अद्वितीय विशेषताओं को समझाएँगे।

निम्नलिखित में से 'पायल लिमिटेड' द्वारा अपनाए गए वितरण माध्यम की पहचान कीजिए : *1*

(A) तीन-स्तरीय माध्यम

(B) द्वि-स्तरीय माध्यम

(C) एक-स्तरीय माध्यम

(D) शून्य-स्तरीय माध्यम

**9.** पेटेन्ट्स ________________________________________ । *1*

(i) एक आविष्कारक को, आविष्कार को सार्वजनिक करने के बदले यह अधिकार प्रदान करते हैं कि अन्य लोग एक सीमित अवधि के लिए उसे बनाने, उसका उपयोग करने, उसे बेचने, बेचने का प्रस्ताव करने तथा उसका आयात करने से बाहर रहें।

(ii) आमतौर पर एक सीमित अवधि के लिए मूल कार्य के निर्माता को विशेष अधिकार देते हैं।

(iii) एक पहचानने योग्य चिह्न, डिज़ाइन या अभिव्यक्ति जो एक विशेष व्यापार के उत्पादों अथवा सेवाओं को अन्य व्यापारियों के समरूप उत्पादों अथवा सेवाओं से भिन्नता प्रदान करते हैं।

(iv) वस्तुओं की उन दृश्य डिज़ाइनों को सुरक्षा प्रदान करते हैं जो विशुद्ध रूप से उपयोगी नहीं हैं। यह किसी उत्पाद के उत्पादन में प्रयुक्त किया जाने वाला द्वि अथवा तीन आयामी नमूना हो सकता है।

निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन कीजिए :

(A) केवल (i) (B) (i) और (ii)

(C) (iii) और (iv) (D) (ii) और (iii)

**10.** ब्राण्ड या ब्राण्ड का एक भाग जिसे अन्य फर्मों द्वारा इसका उपयोग करने के विरुद्ध कानूनी संरक्षण दिया जाता है, ____________ कहलाता है । *1*

(A) ब्राण्ड नाम (B) ब्राण्ड मार्क

(C) ट्रेडमार्क (D) लोगो

**8.** 'Payal Ltd.' is the manufacturer of high end costly water purifiers. Their water purifiers are unique and different from the purifiers available in the market. For its marketing they appointed salespersons who will go door-to-door and explain the unique features of their product.

From the following, identify the channel of distribution adopted by 'Payal Ltd.' : *1*

(A) Three-Level Channel

(B) Two-Level Channel

(C) One-Level Channel

(D) Zero-Level Channel

**9.** Patents ______________________________ . *1*

(i) grant an inventor the right to exclude others from making, using, selling, offering to sell, and importing an invention for a limited period of time, in exchange for the public disclosure of the invention.

(ii) give the creator of the original work exclusive rights, usually for a limited period.

(iii) are a recognizable sign, design or expression which distinguishes products or services of a particular trade from the similar products or services of other traders.

(iv) protect the visual design of objects that are not purely utilitarian. It can be a two or three dimensional pattern used to produce a product.

Choose the correct option from the following :

(A) (i) only (B) (i) and (ii)

(C) (iii) and (iv) (D) (ii) and (iii)

**10.** A brand or a part of a brand that is given legal protection against its use by other firms is called __________. *1*

(A) Brand name (B) Brand mark

(C) Trademark (D) Logo

**11.** 'भारत कार्स लिमिटेड' भारत में छोटी कारों के निर्माता हैं तथा 'स्वदेशी लिमिटेड' कार के पुर्जों के निर्माता तथा आपूर्तिकर्ता हैं। दोनों कम्पनियों ने विलय करने का निर्णय लिया क्योंकि इस प्रकार के विलय 'भारत कार्स लिमिटेड' को पुर्जों के बेहतर मूल्य प्राप्त करने तथा निर्माणी प्रक्रिया पर नियंत्रण की अनुमति देगा। 'स्वदेशी लिमिटेड' को भी व्यवसाय के स्थिर प्रवाह की गारंटी मिलेगी।

विलय का प्रकार है : *1*

(A) बाज़ार विस्तार विलय

(B) लंबरूप विलय

(C) समतल विलय

(D) उत्पाद विस्तार विलय

**12.** यह शीर्षक अथवा आवरण पृष्ठ है जो व्यावसायिक योजना के घटकों का एक लघु सारांश प्रदान करता है : *1*

(A) उद्यम का वर्णन (B) सामान्य परिचय

(C) उत्पादन योजना (D) प्रचालन योजना

**13.** निम्नलिखित कथनों को पढ़िए : अभिकथन (A) तथा कारण (R)। *1*

*अभिकथन (A) :* एक साझेदारी फर्म के लिए पंजीकरण कराना आवश्यक नहीं है क्योंकि पंजीकरण न कराने पर कोई दंड का प्रावधान नहीं है।

*कारण (R) :* एक अपंजीकृत साझेदारी फर्म, फर्म या अन्य साझेदारों के विरुद्ध अनुबंध से उत्पन्न किसी अधिकार को लागू करने या साझेदारी अधिनियम द्वारा प्रदत्त किसी अधिकार के लिए किसी भी न्यायालय में मुकदमा दायर कर सकती है।

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प का चयन कीजिए :

**विकल्प :**

(A) अभिकथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।

(B) अभिकथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं, परन्तु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** है।

(C) अभिकथन (A) सही है, परन्तु कारण (R) ग़लत है।

(D) अभिकथन (A) ग़लत है, परन्तु कारण (R) सही है।

**11.** 'Bharat Cars Ltd.' is the manufacturer of small cars in India and 'Swadeshi Ltd.' is the manufacturer and supplier of car parts. Both the companies decide to merge as such a merger would allow 'Bharat Cars Ltd.' to obtain better pricing on parts and have better control over the manufacturing process. 'Swadeshi Ltd.' would also be guaranteed a steady stream of business.

The type of merger is : *1*

(A) Market Extension Merger

(B) Vertical Merger

(C) Horizontal Merger

(D) Product Extension Merger

**12.** This is the title or cover page that provides a brief summary of a business plan's contents : *1*

(A) Description of Venture (B) General Introduction

(C) Production Plan (D) Operational Plan

**13.** Read the following statements : Assertion (A) and Reason (R). *1*

*Assertion (A) :* It is not compulsory to register a partnership firm as there are no penalties for non-registration.

*Reason (R) :* An unregistered partnership firm can file a suit in any court against the firm or other partners for enforcement of any right arising from a contract or right conferred by the Partnership Act.

Choose the correct option from the options given below :

**Options :**

(A) Both Assertion (A) and Reason (R) are true and Reason (R) is the correct explanation of Assertion (A).

(B) Both Assertion (A) and Reason (R) are true, but Reason (R) is ***not*** the correct explanation of Assertion (A).

(C) Assertion (A) is true, but Reason (R) is false.

(D) Assertion (A) is false, but Reason (R) is true.

**14.** 'निवेश पर प्रत्याय' एक आलोचनात्मक लाभकारी अनुपात है। इसकी गणना निम्न प्रकार से की जाती है : *1*

$$\text{निवेश पर प्रत्याय (ROI)} = \frac{\text{शुद्ध लाभ}}{\text{-----}} \times 100$$

निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन कीजिए :

(A) समता

(B) ऋण

(C) कुल निवेशित पूँजी

(D) ऋण + ऋण पर ब्याज

**15.** निम्नलिखित में से कौन-सी चालू देयता ***नहीं*** है ? *1*

(A) अदत्त किराया

(B) अल्पकालीन निवेश

(C) व्यापारिक लेनदार

(D) अल्पकालीन ऋण

**16.** निम्नलिखित में से नए निर्गम के प्रवर्तन की कौन-सी विधि का उपयोग कम्पनी द्वारा किया जाता है, जब कम्पनी सीमित संख्या में परिष्कृत निवेशकों को अपनी प्रतिभूतियाँ प्रत्यक्ष रूप से बेचती है तथा कभी-कभी खुले बाज़ार में यह सूचना नहीं देना चाहती ? *1*

(A) सार्वजनिक निर्गम

(B) अधिकारिक निर्गम

(C) संस्थागत निर्गम

(D) कर्मचारियों को प्रस्ताव

**17.** ____________ अधिग्रहण में एक सार्वजनिक कम्पनी का अधिग्रहण एक निजी कम्पनी द्वारा किया जाता है। *1*

(A) मित्रवत्

(B) उल्टा

(C) पीछे की ओर पलट (बैकफ्लिप)

(D) शत्रुतापूर्ण

**14.** 'Return on Investment' is a critical profitability ratio. It is calculated as follows : *1*

$$\text{Return on Investment (ROI)} = \frac{\text{Net Profit}}{_____} \times 100$$

Choose the correct option from the following :

(A) Equity

(B) Debt

(C) Total Capital Invested

(D) Debt + Interest on Debt

**15.** Which of the following is ***not*** a current liability ? *1*

(A) Outstanding rent

(B) Short-term investment

(C) Trade creditors

(D) Short-term loans

**16.** Which of the following methods of floatation of new issues is used by the company, when the company directly sells its securities to a limited number of sophisticated investors and at times does not want to disclose information to the open market ? *1*

(A) Public Issue

(B) Rights Issue

(C) Private Placement

(D) Offer to the Employees

**17.** In ___________ acquisition, a public company is taken over by a private company. *1*

(A) Friendly

(B) Reverse

(C) Backflip

(D) Hostile

**18.** ‘टेकवर्क्स’ इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों को बेचने वाली एक कम्पनी है। स्टॉक का ट्रैक रखने और बिक्री दक्षता का प्रबंधन करने के लिए स्टॉक की प्रत्येक मद को एक अद्वितीय कोड दिया जाता है जो मद के कुछ पक्षों को प्रकट करता है। इसके अद्वितीय कोड में अक्षरों एवं अंकों का संयोजन होता है और जिसका उपयोग न केवल आँकड़ों (डेटा) को एकत्रित करने, अपितु सार्थक आँकड़े प्राप्त करने एवं निर्णयन हेतु पुन: हेरफेर करने के लिए भी किया जाता है। तब भी, समय बीतने के साथ-साथ, तकनीकी में उन्नति के कारण, कुछ मदों का उपयोग नहीं हो पाता और उनकी माँग गिरने लगती है। ‘टेकवर्क्स’ को इन उत्पादों से व्यवहार करने में चुनौती का सामना करना पड़ता है, विशेषकर शीघ्रता के साथ उभरती हुई तकनीकी के कारण।

कुछ मदें जो ‘टेकवर्क्स’ के स्टॉक की सूची बनाती हैं जिनकी चर्चा उपर्युक्त में की गई है वह ____________ तथा ____________ हैं। *1*

(A) स्टॉक रखने वाला इकाई (SKU) कोड, मोटले क्राउड

(B) मोटले क्राउड, असमान अथवा अप्रत्याशित माँग

(C) अप्रचलन, शेल्फ लाइफ

(D) स्टॉक रखने वाला इकाई (SKU) कोड, अप्रचलन

## खण्ड ख

**19.** (क) ‘व्यावसायिक सुअवसर’ क्या है ? व्यावसायिक सुअवसर के किन्हीं दो तत्त्वों की सूची बनाइए। *2*

**अथवा**

(ख) सुअवसरों को अनुभव करने में बहुत से तत्त्व सम्मिलित होते हैं। ‘आधारभूत विचारों को समझने एवं संरक्षित रखने की योग्यता’ इनमें से एक है। ऐसे किन्हीं चार स्रोतों को पहचानिए एवं उनका उल्लेख कीजिए जो आधारभूत विचारों के उद्भव की ओर ले जाते हैं। *2*

**20.** मनोरमा ने लड़कियों के लिए बने बनाए फैशनेबल कपड़े जैसे टी-शर्ट्स, स्कर्ट्स, कुर्ती, इत्यादि बेचने की एक फुटकर दुकान बेंगलुरु में खोली। उसका निर्णय युवा लड़कियों की कपड़ों सम्बन्धी नई प्रवृत्तियों पर आधारित था।

चूँकि कपड़ों के व्यवसाय में फैशन बहुत तेजी से बदलता है, मनोरमा न केवल व्यावसायिक पर्यावरण में होने वाले परिवर्तन को समझना चाहती थी अपितु दीर्घ अवधि में सफलता प्राप्त करने के लिए उसके अनुकूल भी बनना चाहती थी। अत:, उसने सोशल मीडिया के माध्यम से फैशन की प्रवृत्तियों पर भी नज़र रखनी आरंभ कर दी तथा टिकाऊ कपड़ों की प्रस्तुति की।

पर्यावरण की प्रवृत्तियों पर तीखी नज़र से मनोरमा ने ग्राहकों की बदलती हुई आवश्यकताओं से स्वयं को अवगत रखा।

ऐसा करके मनोरमा पर्यावरण के महत्त्व के एक बिंदु पर अपना ध्यान केन्द्रित कर रही है।

**18.** 'Techworks' is a company selling electronic products. To keep track of inventory and manage sales efficiency each and every item in the inventory is assigned a unique code which signifies certain aspects of the item. Its unique code is a combination of alpha and numeric and is used not only for data collection, but also for further manipulation for deriving meaningful statistics and decision-making. However, over time, due to advancement in technology, certain items may not be used and their demand drops off. 'Techworks' faces a challenge of dealing with these products, particularly with technology evolving quickly.

Some of the items that make up the inventory of 'Techworks' as discussed above are ____________ and ____________. *1*

(A) Stock Keeping Unit (SKU) code, Motley Crowd

(B) Motley Crowd, Demand not uniform or not predictable

(C) Obsolescence, Shelf life

(D) Stock Keeping Unit (SKU) code, Obsolescence

## SECTION B

**19.** (a) What is a 'Business Opportunity'. List any two elements of Business Opportunity. *2*

**OR**

(b) Various factors are involved in sensing opportunities. 'Ability to perceive and preserve basic ideas' is one of them. Identify and state any four sources that lead to the emergence of basic ideas. *2*

**20.** Manorama opened a retail outlet in Bengaluru selling readymade fashionable garments like t-shirts, skirts, kurtis, etc. for girls. Her decision was based on recent trends in clothing of young girls.

Since fashion changes very fast in the garments business, Manorama not only wanted to understand the business environment but also wanted to adapt it to succeed in the long run. So, she monitored fashion trends through social media and introduced sustainable clothing.

A keen watch on the trends in the environment had sensitized Manorama to the changing needs of customers.

By doing this, Manorama is concentrating on one of the points of importance of environment.

(क) उपर्युक्त चर्चित पर्यावरण के महत्त्व के बिंदु की पहचान कीजिए।

(ख) एक और बिंदु की सहायता से समझाइए कि एक उद्यमी के लिए पर्यावरणीय घटकों के प्रति संवेदनशीलता क्यों महत्त्वपूर्ण होती है। 2

**21.** (क) दीपा, गुड्डी तथा वाणी एक फर्म में साझेदार हैं तथा 3 : 2 : 1 के अनुपात में लाभ-हानि बाँटते हैं। दीपा अपने भाग का आधा भाग अपने पुत्र दीपक के पक्ष में गुड्डी तथा वाणी की सहमति के बिना हस्तांतरित करना चाहती है। क्या दीपा अपने भाग को हस्तांतरित कर सकती है ? अपने उत्तर के समर्थन में कारण दीजिए। उपर्युक्त स्थिति में साझेदारी की जिस विशेषता पर प्रकाश डाला गया है, उसका उल्लेख कीजिए। 2

**अथवा**

(ख) अरुणा को बेकिंग का जुनून है और उसने एक बेकरी की दुकान खोली है। उसने व्यवसाय प्रारंभ करने के लिए अपने पिताजी से ₹ 50,000 उधार लिए और बैंक से ₹ 1,00,000 का ऋण लिया। ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए, उसने मूल्य को बहुत कम रखा। बाद में उसने ध्यान दिया कि उसके द्वारा अर्जित आगम लागत को पूरा करने के लिए भी पर्याप्त नहीं था। जब ऋण का भुगतान देय हुआ, वह भुगतान करने की स्थिति में नहीं थी। बैंक ने ऋण की वसूली अरुणा की व्यक्तिगत परिसम्पत्तियों से की, जिसमें उसकी बचत एवं जायदाद सम्मिलित थीं।

क्या अरुणा के व्यावसायिक ऋणों के भुगतान के लिए उसकी व्यक्तिगत सम्पत्ति का प्रयोग किया जा सकता है ? अपने उत्तर के समर्थन में कारण दीजिए। उपर्युक्त स्थिति में एकल स्वामित्व की जिस विशेषता पर प्रकाश डाला गया है, उसका उल्लेख कीजिए। 2

**22.** एक कौशल विकास संस्थान से कटिंग, टेलरिंग तथा एम्ब्रॉइडरी का अपना प्रशिक्षण पूरा करने के पश्चात्, सुजीत स्वयं का व्यापार आरंभ करना चाहता था। उसने इस विचार की चर्चा अपनी माताजी से की जिन्होंने उसे इस क्षेत्र की नव प्रवृत्तियों की पहचान करने के लिए कहा। उन्होंने इसके लिए उसे पेशेवर प्रवृत्ति पहचानकर्ताओं से सहायता लेने के लिए भी कहा। जब सुजीत ने कुछ श्रेष्ठ पेशेवर प्रवृत्ति पहचानकर्ताओं से संपर्क किया तो उसने पाया कि उनकी फीस बहुत ज्यादा थी। अत: उसने यह कार्य स्वयं करने का निर्णय लिया, पत्रिकाएँ पढ़ना आरंभ किया तथा जो व्यापार वह शुरू करना चाहता था उससे संबंधित वेबसाइट्स ढूँढ़ीं। इस प्रकार वह संबंधित प्रवृत्तियों की पहचान करने में सफल रहा। सुजीत द्वारा अपनाए गए प्रवृत्ति पहचान के तरीके को पहचानिए तथा उसे समझाइए। दो अन्य तरीकों की सूची भी बनाइए जिनसे प्रवृत्ति की पहचान की जा सकती है। 2

**23.** व्यावसायिक योजना के एक प्रकार के रूप में 'एक पिच डेक के साथ मौखिक वर्णन' को समझाइए। 2

(a) Identify the point of importance of environment discussed above.

(b) Explain with the help of one more point how sensitivity to environmental factors is crucial for an entrepreneur. *2*

**21.** (a) Deepa, Guddi and Vani are partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 3 : 2 : 1. Deepa wants to transfer half of her share in favour of her son Deepak without the consent of Guddi and Vani. Can Deepa transfer her share ? Give reason in support of your answer. State the feature of partnership highlighted in the above case. *2*

**OR**

(b) Aruna, passionate about baking, opened a bakery shop. She borrowed ₹ 50,000 from her father and took a loan of ₹ 1,00,000 from a bank to start the business. To attract customers, she set the prices too low. Later on she noticed that the revenue earned by her was not enough to even cover the costs. When the loan amount became due, she was not in a position to pay. The bank recovered the loan from Aruna's personal assets, including her savings and property.


Can Aruna's personal property be called upon to pay her business debts ? Give reason in support of your answer. State the feature of sole proprietorship highlighted in the above case. *2*

**22.** After completion of his training of cutting, tailoring and embroidery from a skill development institute, Sujit wanted to start his own business. He discussed this idea with his mother who advised him to identify the new trends in this area. She also advised him to take the help of professional trend spotters for this. When Sujit contacted some of the best professional trend spotters, he found that their fee was too high. So he decided to do this work himself, started reading the leading publications and visited websites related to the type of business he wanted to start. This way he was able to spot related trends.

Identify and explain the method used by Sujit to spot the trends. Also list two other ways in which trends can be spotted. *2*

**23.** Explain 'A pitch deck with oral narrative' as a format of a business plan. *2*

**24.** (क) नीचे एक 'रोकड़ परिवर्तन चक्र' दिया गया है।




(i) व्यवसाय के उस प्रकार की पहचान कीजिए जिससे उपर्युक्त रोकड़ परिवर्तन चक्र संबंधित है।

(ii) उपर्युक्त (i) में पहचाने गए व्यवसाय के अतिरिक्त किसी अन्य प्रकार के व्यवसाय के लिए 'रोकड़ परिवर्तन चक्र' बनाइए। *2*

***नोट :*** *निम्नलिखित प्रश्न केवल* ***दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों*** *के लिए प्रश्न संख्या* ***24****(क) के स्थान पर है।*


(क) निम्नलिखित सूचना से 'सकल कार्यशील पूँजी' की गणना कीजिए : *2*

| | ₹ |
|---|---|
| रोकड़ | 20,000 |
| लेनदार | 2,00,000 |
| देनदार | 3,50,000 |
| लघुकालीन ऋण | 75,000 |
| अदत्त किराया | 15,000 |
| स्टॉक | 80,000 |

**अथवा**

(ख) स्टॉक नियंत्रण की ABC विश्लेषण तकनीक का अर्थ दीजिए। *2*

**24.** (a) Given below is the 'Cash Conversion Cycle'.




(i) Identify the type of business to which the above cash conversion cycle belongs.

(ii) Draw a 'cash conversion cycle' for another type of business other than that identified in (i) above. *2*

***Note :*** *The following question is in lieu of Question No.* ***24****(a) for* ***Visually Impaired Candidates*** *only.*

(a) Calculate 'Gross Working Capital' from the following information : *2*

| | ₹ |
|---|---|
| Cash | 20,000 |
| Creditors | 2,00,000 |
| Debtors | 3,50,000 |
| Short-term loans | 75,000 |
| Outstanding rent | 15,000 |
| Stock | 80,000 |

**OR**

(b) Give the meaning of ABC analysis technique of inventory control. *2*

## खण्ड ग

**25.** 'चाय कार्ट', एक भारतीय कम्पनी है जिसकी स्थापना 2021 में नूरगाँव के एक मुख्य ऑफिस केन्द्र के पास की गई थी। कम्पनी का उद्देश्य ऑफिस जाने वाले लोगों की चाय सम्बन्धी ऊँची माँग को पूरा करना था। कुछ ही महीनों में, माँग बढ़ने लगी और व्यवसाय ने अच्छे लाभ अर्जित करने प्रारंभ कर दिए। बढ़ती हुई माँग के कारण, कम्पनी ने अपने प्रचालनों का विस्तार करने का निर्णय लिया। इसके व्यवसाय का विस्तार गतिविधियों पर अथवा अन्य व्यावसायिक संस्थाओं के स्वामित्व तथा नियंत्रण के अधिग्रहण पर आधारित हो सकता था।

'चाय कार्ट' ने अपनी वर्तमान उत्पादन क्षमता का विस्तार अधिक मशीनें जोड़कर किया। साथ ही, इसने शॉपिंग मॉल, हवाई अड्डों तथा उपनगरीय स्थानों पर अपनी शाखाएँ खोलीं, जिससे अधिक-से-अधिक उपभोक्ता आने लगे तथा ब्राण्ड की दृश्यता में भी वृद्धि हुई। साथ ही अधिक उपभोक्ताओं को आकर्षित करने के लिए इन्होंने नए उत्पाद भी प्रस्तावित किए जिसमें खाद्य पदार्थों की विस्तृत श्रृंखला, कॉफी तथा अन्य पेय पदार्थ सम्मिलित थे। इस प्रकार कम्पनी ने अपनी व्यावसायिक गतिविधियों को बढ़ाया और अपने वर्तमान पूँजी ढाँचे को विस्तृत किया।

(क) उपर्युक्त अनुच्छेद में चर्चित विस्तार के प्रकार को पहचानिए एवं समझाइए।

(ख) विस्तार के एक अन्य प्रकार को भी समझाइए। *3*

**26.** (क) 'उत्पाद अथवा सेवा की विशेषताओं, उसके डिज़ाइन तथा साथ ही उसके संसाधनों जिनकी आवश्यकता होगी, की सावधानीपूर्वक पहचान' नवप्रवर्तन प्रक्रिया का एक घटक है। इसके अन्य तीन घटकों को समझाइए। *3*

**अथवा**

(ख) सृजनात्मकता की प्रक्रिया में बहुत से चरण सम्मिलित हैं। इनमें से एक चरण संक्रमण अवधि से सम्बन्धित है, 'जहाँ उद्यमी विचार और अवचेतन दिमाग में उसे कार्यान्वित करने के बारे में सोचना आरम्भ करता है'। इसके बाद आने वाले तीन चरणों को समझाइए। *3*

## SECTION C

**25.** 'Chai Cart', an Indian company, was set up in 2021 near a prime office hub in Nurgaon. The company aimed to fulfil the high demand for tea among office goers. Within a few months, the demand picked up and the business started earning good profits. In response to the rising demand, the company decided to expand its operations. Expansion of its business could be based on activities or on acquisition of ownership and control of other business concerns.

'Chai Cart' expanded its present production capacity by adding more machines. Furthermore, it opened its branches in shopping malls, airports and suburban locations, allowing it to reach more customers and to increase brand visibility. They also introduced new products, including a wider range of food items, coffee and other beverages to attract more customers. In this way, the company increased its business activities and broadened its present capital structure.

(a) Identify and explain the type of expansion discussed in the above paragraph.

(b) Also explain one other type of expansion. *3*

**26.** (a) 'Carefully identifying the product or service features, design, as well as the resources that will be needed' is an element in the innovation process. Explain its other three elements. *3*

**OR**

(b) The process of creativity involves various steps. One of the steps is related to transition period, 'where the entrepreneur starts thinking about the idea and implementation in his subconscious mind'. Explain the next three steps followed by this. *3*

**27.** 'गोल्डन आइसक्रीम लिमिटेड' आइसक्रीम्स के उत्पादक तथा आपूर्तिकर्ता हैं । उन्होंने अपनी आइसक्रीम की विभिन्न किस्मों का मूल्य उत्पादन अनुमानों के आधार पर किया । पिछले कुछ वर्षों से कम्पनी अच्छे लाभ अर्जित कर रही थी क्योंकि वहाँ आइसक्रीम्स के बाज़ार में उनका कोई प्रतियोगी नहीं था । फिर भी, पिछले वर्ष कम्पनी को भारी हानि उठानी पड़ी । जाँच-पड़ताल पर पता चला कि मूल्यों का निर्धारण करते समय उन्होंने प्रतियोगियों की गतिविधियों को ध्यान में नहीं रखा, जिसके कारण हो सकता है यह हानि हुई हो । साथ ही, कम्पनी द्वारा उपयोग में लाई गई मूल्य-निर्धारण विधि में डूबत लागत सम्मिलित थी और अवसर लागत की उपेक्षा की गई थी ।

(क) कम्पनी द्वारा उपयोग में लाई गई मूल्य-निर्धारण विधि की पहचान कीजिए ।

(ख) उपर्युक्त (क) में पहचानी गई मूल्य-निर्धारण विधि के किन्हीं दो लाभों को समझाइए । *3*

**28.** (क) वितरण माध्यम का चयन करते समय एक उद्यमी द्वारा उपयोग में लाए जाने वाले उत्पाद-सम्बन्धी किन्हीं तीन विचारों को समझाइए । *3*

**अथवा**

(ख) एक कम्पनी द्वारा इसके उत्पादों के प्रवर्तन के लिए उपयोग में लाई जाने वाली 'रेखा-से-ऊपर' प्रवर्तन रणनीति को समझाइए । *3*

**29.** 'क्वालिटी बुक स्टोर' प्रति वर्ष 40,000 चार्ट पेपर बेचता है । माँग वर्ष भर स्थिर रहती है । प्रति चार्ट पेपर की क्रय लागत ₹ 10 है । प्रति वर्ष धारित लागत क्रय लागत की 20% है, प्रति आदेश लागत ₹ 100 है ।

आर्थिक आदेश मात्रा की गणना कीजिए । *3*

## खण्ड घ

**30.** 'भारत लिमिटेड' इलेक्ट्रॉनिक मदों के निर्माता हैं । 2022 – 23 में, कम्पनी ने आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेंस-आधारित कम्प्यूटर्स के विनिर्माण में प्रवेश करने का निर्णय लिया । अत्यधिक जटिल एवं कठिन होने के कारण, इन कम्प्यूटर्स की निर्माणी प्रक्रिया को अच्छी तरह से नियोजित करने की आवश्यकता है ।

(क) उपर्युक्त अनुच्छेद में चर्चित व्यावसायिक योजना के घटक को पहचानिए ।

(ख) उपर्युक्त (क) में पहचाने गए घटक के उद्देश्य का उल्लेख कीजिए ।

(ग) व्यावसायिक योजना के इस घटक में आवश्यक रूप से वर्णन किए जाने वाले पाँच बिन्दुओं की सूची बनाइए, यदि 'भारत लिमिटेड' द्वारा संपूर्ण रूप से विनिर्माण कार्य किया जाए । *5*

**27.** 'Golden Ice Cream Limited' is a manufacturer and supplier of ice creams. They set the price of their various ice cream varieties based on manufacturing estimates. The company had been earning good profits over the last many years as there were no competitors in the market for their ice creams. However, during the last year, the company incurred heavy losses. On investigation they noticed that while setting the prices, they did not take into account the actions of competitors, which may have led to these losses. Additionally, the pricing method used by the company includes sunk cost and ignores opportunity costs.

(a) Identify the pricing method used by the company.

(b) Explain any two advantages of the pricing method identified in (a) above. *3*

**28.** (a) Explain any three product-related considerations to be used by an entrepreneur while selecting the channel of distribution. *3*

**OR**

(b) Explain 'above-the-line' promotion strategy used by a company to promote its products. *3*

**29.** 'Kwality Book Store' sells 40,000 chart papers per year. The demand is constant throughout the year. The purchase cost is ₹ 10 per chart paper. Holding cost per annum is 20% of purchase cost, ordering cost is ₹ 100 per order.

Calculate the Economic Order Quantity. *3*

## SECTION D

**30.** 'Bharat Ltd.' is a manufacturer of electronic items. In 2022 – 23, the company decided to enter into manufacturing Artificial Intelligence-based computers. Being highly complex and tedious, the manufacturing process of these computers needed to be thoroughly planned.

(a) Identify the component of business plan discussed in the above paragraph.

(b) State the objective of the component identified in (a) above.

(c) List five points that are needed to be described in this component of business plan, if the manufacturing is to be carried out in whole by 'Bharat Ltd.'. *5*

**31.** (क) 'फ्रैंचाइज़िंग' का क्या अर्थ है ? एक फ्रैंचाइज़ी समझौते के मुख्य घटकों को समझाइए। 5

**अथवा**

(ख) 'सहक्रिया' के किन्हीं पाँच प्रकारों को समझाइए। 5

**32.** 'गुड एयर लिमिटेड' विभिन्न प्रकार के इलेक्ट्रिक पंखों जैसे छत पंखे, मेज़ पंखे, निकास पंखे, इत्यादि के निर्माता हैं। अपने प्रतिस्पर्धियों से पहले यह अभी-अभी विद्युतीकृत ग्रामीण क्षेत्रों में अपना प्रचालन आरंभ करना चाहती है। नई तकनीक को अपनाने के लिए इसने खोज एवं विकास में निवेश किया है ताकि यह कम लागत पर ऊर्जा कुशल पंखों का उत्पादन कर सके।

पिछले कुछ वर्षों से सरकार स्थायी है तथा ग्रामीण क्षेत्रों के विद्युतीकरण पर अपना ध्यान-केन्द्रित कर रही है। 'गुड एयर लिमिटेड' ने इसका लाभ उठाते हुए अपने प्रचालन आरंभ कर लिए हैं। साथ ही कम्पनी ने उपभोक्ताओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए स्वास्थ्य एवं सुरक्षा विनियमों का तथा पर्यावरणीय सुरक्षा कानूनों का अनुपालन किया है। एक नीति के अधीन, अपने पंखों के कारण किसी भी चोट या दुर्घटना की स्थिति में कम्पनी ने अपने ग्राहकों को क्षतिपूर्ति का भी आश्वासन दिया है।

चूँकि ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों की व्यय-योग्य आय कम थी, कम्पनी ने अपने उत्पादों को पहुँच-योग्य बनाने के लिए किश्त प्रणाली भी प्रस्तुत की। निरंतरता को बनाए रखने के लिए, कम्पनी ने यह सुनिश्चित किया कि उसके उत्पादन से पर्यावरण को न्यूनतम क्षति हो। इसके लिए, उसने जहाँ भी संभव हो अपशिष्ट के पुनर्चक्रण द्वारा उप-उत्पादों के उत्पादन तथा जैव-निम्नीकरणीय पैकेजिंग सामग्रियों के उपयोग पर केन्द्रित होकर अपशिष्ट का निम्नीकरण किया है।

उपर्युक्त विषय-वस्तु से पंक्तियाँ उद्धृत करते हुए, पाँच बृहत् पर्यावरणीय कारकों की पहचान कीजिए जिनको एक व्यवसाय को अपने प्रचालन में ध्यान में रखना चाहिए। 5

31. (a) What is meant by 'franchising' ? Explain the main components of a franchise agreement. *5*

**OR**

(b) Explain any five forms of 'Synergy'. *5*

32. 'Good Air Ltd.' is the manufacturer of different types of electric fans like ceiling fans, table fans, exhaust fans, etc. It wanted to start its operations in the recently electrified rural areas ahead of its competitors. It invested in research and development to adopt new technology so that it could produce energy efficient fans at lower cost.

The government was stable for the last many years and was focusing on electrification of rural areas. 'Good Air Ltd.' took advantage of this and started its operations. The company complied with health and safety regulations, as well as environmental protection laws, to ensure customer safety. As its policy, the company also assures compensation to its customers in case of an injury or accident due to its fans.

Since the disposable income of the people in rural areas was low, the company offered an instalment scheme, making its products more accessible to them. Committed to sustainability, the company ensures that its production causes minimum environmental damage. For this, it focuses on reducing waste by recycling production by-products and using biodegradable packaging materials whenever possible.

Quoting lines from the above text, identify five macro environmental factors that the company took into consideration while operating its business. *5*

**33.** 'रॉयल फ्रूट जूस लिमिटेड' विभिन्न प्रकार के फलों के रस के उत्पादक हैं। वे अपने उत्पादों में किसी भी कृत्रिम स्वाद का उपयोग नहीं करते हैं। उनकी उत्पादन प्रक्रिया की स्थायी लागत ₹ 1,76,000 है। आम, संतरा तथा अमरूद के फलों के रस से संबंधित सूचना नीचे दी गई है।

| रस का प्रकार → | आम (प्रति लीटर) | संतरा (प्रति लीटर) | अमरूद (प्रति लीटर) |
|---|---|---|---|
| विक्रय मूल्य (₹) | 150 | 135 | 100 |
| परिवर्तनशील लागत (₹) | 80 | 65 | 60 |
| विक्रय मिश्र प्रतिशत | 20% | 40% | 40% |

उपर्युक्त आँकड़ों से, निम्नलिखित की गणना कीजिए :

(क) कुल भारित औसत अंशदान उपांत (मार्जिन) प्रति इकाई।

(ख) विक्रय मिश्र की इकाइयों में सम-विच्छेद बिन्दु।

(ग) प्रत्येक प्रकार के रस के लिए सम-विच्छेद बिन्दु (₹ में)। *5*

**34.** (क) 'यह एक विकासोन्मुख छोटे से मध्यम आकार व्यवसाय के लिए समता-आधारित निवेश है जो व्यवसाय में अल्पसंख्यक हिस्सेदारी के बदले निवेशक को उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए सक्षम बनाता है।'

इस निवेश का मूल्यांकन एवं विश्लेषण एक उद्यमी को बहुत सावधानीपूर्वक करना चाहिए, यह पता लगाने के लिए किस चरण में सहायता के लिए इस निवेश की आवश्यकता है।

(i) उपर्युक्त पंक्तियों में चर्चित पूँजी के प्रकार की पहचान कीजिए।

(ii) 'आरंभिक चरण वित्तीयन' में सम्मिलित उन तीन चरणों को समझाइए यदि उपर्युक्त (i) में पहचानी गई पूँजी की आवश्यकता इस चरण के लिए हो। *5*

**अथवा**

(ख) 'एक समृद्ध व्यक्ति जो स्टार्ट-अप तथा आरंभिक स्तरीय कम्पनियों को पूँजी प्रदान करता है जिसमें अत्यधिक जोखिम है और बदले में ज्यादातर परिवर्तनीय ऋण अथवा स्वामित्व समता के लिए उच्च प्रतिफल मैट्रिक्स है।'

(i) उपर्युक्त पंक्तियों में चर्चित एक उद्यमी के लिए वित्त एकत्रित करने के लिए उपलब्ध स्रोत की पहचान कीजिए।

(ii) उपर्युक्त (i) में चर्चित वित्त एकत्रित करने के स्रोत की किन्हीं चार विशेषताओं का उल्लेख कीजिए। *5*

**33.** 'Royal Fruit Juice Ltd.' are the manufacturers of different types of fruit juices. They do not use any artificial flavours in their products. The fixed cost of the production process is ₹ 1,76,000. Given below is information about Mango, Orange and Guava fruit juices.

| Type of Juice → | Mango (Per Litre) | Orange (Per Litre) | Guava (Per Litre) |
|---|---|---|---|
| Selling Price (₹) | 150 | 135 | 100 |
| Variable Cost (₹) | 80 | 65 | 60 |
| Sales Mix Percentage | 20% | 40% | 40% |

From the above data, calculate the following :

(a) Total weighted average contribution margin per unit.

(b) Break-even point in units of sales mix.

(c) Break-even point (in ₹) for each type of juice. *5*

**34.** (a) 'It is an equity-based investment in a growth-oriented small to medium business to enable the investor to accomplish objectives in return for minority shareholding in the business.'

This investment has to be carefully evaluated and analysed by an entrepreneur to find out the stage at which he/she requires this investment to assist in.

(i) Identify the type of capital discussed in the above lines.

(ii) Explain the three stages included in 'Early Stage Financing' if the capital identified in (i) above is required at this stage. *5*

**OR**

(b) 'An affluent individual who provides capital for a business start-up and early stage companies having a high-risk, high-return matrix usually in exchange for convertible debt or ownership equity.'

(i) Identify the source to raise finance available to an entrepreneur discussed in the above lines.

(ii) State any four features of the source of raising finance discussed in (i) above. *5*